
संपादकीय

# संकेत या एक घटना?

भारत पश्चिम और रूस-चीन के खेमों में बढ़ते टकराव के बीच दोनों से लाभ उठाने की रणनीति पर चलता रहा है। अब तक ये रणनीति कारगर थी। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं।

भारत की एक पेट्रोकेमिकल कंपनी पर प्रतिबंध लगाने का अमेरिका के फैसले को संभवत: पश्चिमी देशों में भारत के प्रति बढ़ती बेसब्री का संकेत माना जाना चाहिए। अमेरिका ने ऐसा ही संकेत पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के ४५ करोड़ डॉलर के पाट-पुर्जे देने की घोषणा करके भी दिया था। यही नहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर भारत और पाकिस्तान दोनों को समान महत्त्व का मित्र देश बता दिया। ऐसा वर्षों बाद हुआ है, जब अमेरिका ने ऐसा रुख दिखाया है। हकीकत यह है कि यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत के तटस्थ रुख ने अमेरिका और पश्चिमी खेमे की गणनाएं बिगाड़ दीं। चीन के खिलाफ अपनी लामबंदी में अमेरिका ने भारत को मुख्य मोर्चा बनाने की रणनीति बनाई थी। लेकिन यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद बनी नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अब उसका इस रणनीति पर भरोसा नहीं रह गया है। जाहिर है, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल में जिस आक्रामक लहजे में पश्चिमी अपेक्षाओं के जवाब दिए हैं, वह भी अमेरिका और यूरोपीय राजधानियों में नागवार गुजरा होगा। तो अब अमेरिका ने संकेत देना शुरू किया है। भारत की मुश्किल यह है कि वह पश्चिम और रूस-चीन के खेमों में बढ़ते टकराव के बीच दोनों से लाभ उठाने की रणनीति पर चल रहा है। कहा जा सकता है कि अब तक ये रणनीति कारगर थी। लेकिन यह तो आरंभ से तय था कि दो नावों पर एक साथ सवारी नहीं की जा सकती- खास कर वे नौकाएं अलग-अलग दिशाओं में जा रही हों। तो संभवत: अब वो वक्त आ गया है कि जब भारत को या तो इस रणनीति में असाधारण कौशल दिखाना होगा या उसे दोनों में से किसी एक खेमे को चुनना होगा। दरअसल, भारत को सबसे पहले इस भ्रम से उबरने की जरूरत है कि उसकी बड़ी अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक स्थिति ऐसी है कि दुनिया की कोई ताकत उसकी उपेक्षा करके आगे नहीं बढ़ सकती। सामान्य समय में ऐसी धारणाओं को लेकर चला जा सकता है, लेकिन जब दुनिया स्पष्टत: दो खेमों में बंट रही हो, तो उस समय साफ नीति और ठोस रुख तय करना ही एकमात्र रास्ता होता है।

# जम्मू-कश्मीर केवीआईबी ने लौटाई 1.80 करोड़ की देयता




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर खादी ग्राम और उद्योग बोर्ड (केवीआईबी) की उपाध्यक्ष डॉ हिना शफी भट ने उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा को खादी ग्राम और उद्योग आयोग (केवीआईसी) को वापस करने के लिए 1.80 करोड़ रुपये रुपये का चेक सौंपा।

श्री सिन्हा ने इस अवसर पर केंद्र शासित प्रदेश में हस्तशिल्प और स्थानीय विनिर्माण इकाइयों के विकास के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान करने में जम्मू-कश्मीर केवीआईबी के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने के लिए ग्रामोद्योग को मजबूत करने के लिए कारीगरों और नए उद्यमियों के प्रयासों की भी सराहना की।

उप-राज्यपाल ने कहा, केवीआईबी ने परंपरा के साथ आधुनिक तकनीक और व्यावसायिक प्रथाओं को सामंजस्यपूर्ण रूप से मिश्रित किया है और धन एवं रोजगार सृजन में अपार योगदान दिया है। ग्रामीण स्तर पर हस्तशिल्प समूह, विनिर्माण और सेवा इकाइयां कारीगरों की वृद्धि और कमाई में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर केवीआईबी देश के उन प्रमुख बोर्डों में से एक है जिन्होंने केवीआईसी के साथ लंबित देनदारियों को मंजूरी दे दी है। यह राशि सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के खादी और ग्रामोद्योग आयोग को वापस की जाएगी जो बैंकों के संघ से धन उधार लेता है और बदले में इसे बोर्ड को बैंक योग्य ब्याज दरों पर जारी करता है जिससे वे आयोग द्वारा अनुमोदित योजनाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम होते हैं।

जम्मू-कश्मीर खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड ने संघ राज्य क्षेत्र में खादी संस्थानों और ग्रामीण कारीगरों को वित्तपोषित करने के लिए कंसोर्टियम बैंक क्रेडिट (सीबीसी) के तहत आयोग से करीब 7.35 करोड़ रुपये उधार लिए थे। बोर्ड ने पहले ही 6.71 करोड़ रुपये वापस कर दिए थे और 1.80 करोड़ रुपये के नवीनतम देयता से अर्जित ब्याज सहित सीबीसी वित्त पोषण के कारण जम्मू-कश्मीर केवीआईबी की पूरी देनदारी समाप्त हो जाएगी।

# निकट भविष्य में 10 गुना बढ़ सकता है भारतीय फुटवियर : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि फुटवियर क्षेत्र में देश के लिए बहुत संभावनाएं हैं और निकट भविष्य में देश का उत्पादन तथा निर्यात 10 गुना तक बढ़ सकता है।

श्री गोयल ने 'मीट एट आगरा लेदर, फुटवियर कंपोनेंट्स एंड टेक्नोलॉजी फेयर' कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि देश में लगभग 7,000 लघु उद्योग इकाइयां फुटवियर क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं जो देश की अर्थव्यवस्था में और विदेशी मुद्रा में आय अर्जित करने के लिए बेहद महत्व रखती हैं। इस उद्योग में लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं कार्य करती हैं और प्रत्येक 1000 जोड़ी फुटवियर जिनका उत्पादन अथवा विक्रय किया जाता है, उसमें करीब 425 नौकरियां सुरक्षित हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जूता-चप्पल और चमड़े के परिधान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र है और यह विश्व में इस सेक्टर का अग्रणी बन सकता है। भारत में दुनिया का लगभग तीन अरब वर्ग फुट चमड़े का उद्योग कार्यरत है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख ब्रांड कच्चे माल के लिए भारत पर निर्भर हैं। इस दौरान एक योजना तैयार करने का सुझाव किया ताकि उच्च मूल्य की परियोजनाओं वाले भारतीय ब्रांड वैश्विक बाजार तक अपनी पहुंच स्थापित कर सकें।

श्री गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान और राष्ट्रीय पैकेजिंग संस्थान को कौशल विकास की दिशा में कार्य करने के लिए सहयोग करना चाहिए ताकि भारतीय तथा वैश्विक बाजार के लिए नए डिजाइन तैयार किए जा सकें।

# मेक्सिको में एचसीएल टेक अगले दो साल में देगी 1300 लोगों को नौकरी




**नई दिल्ली।** तकनीकी क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख कंपनी एचसीएल टेक ने मेक्सिको में अपने परिचालन को मजबूत करने के लिए अगले दो वर्षों में 1300 लोगों को नियुक्त करने की योजना की घोषणा की। वर्तमान में देश में आईटी कंपनी के 2,400 कर्मचारी हैं।

कंपनी ने ग्वाडलजारा में अपनी 14वीं वर्षगांठ समारोह में मेक्सिको में विस्तार योजनाओं की भी घोषणा की। मेक्सिको में एक प्रमाणित शीर्ष नियोक्ता एचसीएलटेक ग्वाडलजारा में अपना छठा प्रौद्योगिकी केंद्र भी खोलेगा। मेक्सिको में अमेरिका और कार्यकारी प्रायोजक के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष अजय बहल ने कहा,हम अपने ग्राहकों और भागीदारों के साथ मजबूत साझेदारी करने के लिए भाग्यशाली हैं क्योंकि हम मेक्सिको में विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# 50 प्रतिशत सौदों को लागू करना कोई आसान काम नहीं : गहलोत



**जयपुर ।** राजस्थान में दो दिवसीय निवेश सम्मेलन के समापन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार निवेश से जुड़े सभी 11 लाख करोड़ रुपये के समझौतों को धरातल पर देखना चाहती है लेकिन इस लक्ष्य का 50 प्रतिशत भी हासिल करना कोई आसान काम नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह मानते हैं कि सभी समझौते वास्तविक निवेश में साकार नहीं होंगे हम कम से कम 50 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। हम अपने लक्ष्य को 50 प्रतिशत से अधिक रखेंगे लेकिन अगर हम आधे रास्ते तक भी पहुंच जाते हैं तो यह एक आसान कार्य नहीं होगा। यदि सभी समझौते सफल होते हैं तो नौ लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

उन्होंने कहा, सच्चाई यह है कि सभी प्रस्तावित निवेश समझौते पूरे नहीं होंगे। वक्त आने पर निवेशक पीछे हट जाते हैं और अन्य समस्याएं भी आ जाती हैं।

अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी के साथ मंच साझा करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनपर निशाना साधा जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सभी निवेशकों का स्वागत है।

श्री गहलोत ने कहा, यह कोई निजी कार्यक्रम नहीं है। जिन 3,000 निवेशकों ने राजस्थान में निवेश सम्मेलन में भाग लिया वह कांग्रेस पार्टी के नहीं हैं। वे भाजपा और कांग्रेस किसी के भी समर्थक हो सकते हैं।

उन्होंने कहा, गौतम अडाणी हो या कोई अडाणी, अंबानी हो या अमित शाह के बेटे जय शाह हो हम उद्योग जगत के सभी लोगों का स्वागत करेंगे। हमें रोजगार और निवेश चाहिए।

राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए बड़े पैमाने पर समझौते देखे गए जबकि अन्य प्रमुख क्षेत्रों के निवेशकों के हितों में सीमेंट, खदान एवं खनिज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कपड़ा, पर्यटन और पेट्रोलियम एवं

# पहले मैच की गलतियों से सबक लेना चाहेगा भारत




**रांची ।** युवा खिलाड़ियों से सजी हुई भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में की गयी गलतियों को दूसरे मैच में रविवार को सुधारने का प्रयास करेगी।

भारत को सबसे पहले अपने क्षेत्ररक्षण में मुस्तैदी लानी होगी। खिलाड़ियों ने पहले मैच में कई जगह अनावश्यक रन देने के अलावा हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के कैच छोड़े। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें विकेट के लिये 139 रन की साझेदारी की जो करीबी मैच में नौ रन से भारत की हार का कारण बना।

भारत के लिये 250 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल नहीं होता लेकिन अत्यधिक डॉट गेंदें खेलना टीम पर भारी पड़ा। संजू सैमसन ने यह स्वीकार भी किया कि भारत सिर्फ दो बड़े शॉट कम खेलने के कारण हारा।

इस मैच में भारतीय प्रशंसकों के लिये अच्छी खबर यह रही कि तेज़ गेंदबाज़ों के खिलाफ कमज़ोर माने जाने वाले श्रेयर अय्यर और खराब शॉट खेलकर आउट होने के लिये विख्यात सैमसन ने इन मान्यताओं के विपरीत पारियां खेलीं। भारत की टी20 विश्व कप टीम के अतिरिक्त खिलाड़ी अय्यर ने आक्रामक पारी खेलते हुए 37 गेंदों पर 50 रन बनाये जबकि सैमसन ने 63 गेंदों पर 86 रन की ज़िम्मेदार पारी खेली। यह दोनों बल्लेबाज दूसरे मैच में भी अपनी कमियों से पार पाते हुए महत्वपूर्ण योगदान देना चाहेंगे।

भारतीय टीम के कप्तान शिखर धवन भी चाहेंगे कि वह पहले मैच के प्रदर्शन को भूलकर वापस रंग में लौटें। अगले साल संभवत: अपना आखिरी विश्व कप खेलने वाले 36 वर्षीय धवन ने यह स्पष्ट कर दिया कि उनका लक्ष्य विश्व कप 2023 के लिये तैयार होना है। इस लिहाज से यह शृंखला उनके लिये महत्वपूर्ण है।

दीपक चाहर के चोटग्रस्त होने के बाद यह शृंखला मोहम्मद सिराज और मुकेश सिंह के लिये भी अर्थपूर्ण हो गयी है। सिराज जहां टी20 विश्व कप के लिये ऑस्ट्रेलिया जाने के उम्मीदवार हैं, वहीं मुकेश अपनी पदार्पण शृंखला में चयनकर्ताओं पर छाप छोड़ सकते

# भारत ने अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर में दर्ज की तीसरी जीत



**अल-खोबार।** भारत ने यहां एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 क्वालीफायर में म्यांमार को 4-1 से हराकर जीत की हैट्रिक पूरी कर ली है।

प्रिंस सऊद बिन जलावी स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गये मैच में कप्तान वानलालपेका गुइटे (27वां, 34वां मिनट) और थंगलालसुन गंगटे (32वां, 44वां मिनट) ने भारत के लिये दो-दो गोल किये। मलेशिया का एकलौता गोल ह्टू वाई यान (60वां मिनट) ने किया।

पहले हाफ की शुरुआत में कोई बड़ा मौका नहीं बना और दोनों टीमों ने बॉल को अपने नियंत्रण में रखने का प्रयास किया। भारत के सभी गोल पहले हाफ के दूसरे हिस्से में आये, जबकि गंगटे ने 32वें मिनट में एक पेनल्टी को भी गोल में तब्दील किया।

दूसरे हाफ में वाई यान ने मलेशिया के लिये एक गोल किया, लेकिन भारतीय युवा आक्रामकता के साथ विपक्षी टीम पर हावी रहे और उन्हें कभी भी मैच में वापस आने का मौका नहीं दिया।

भारत ने अंडर-17 एशियाई कप 2023 क्वालीफायर के अपने पहले दो मैचों में मालदीव और कुवैत को हराया था। भारत का अगला मुकाबला रविवार को मेज़बान सऊदी अरब से होगा।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जिससे आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। मानसिक दवाब कम होगा।

***वृष :*** आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। बिजनेस करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आप सामने आयी चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। आपके सुगम व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। आप किसी दोस्त की मदद कर सकते हैं।

***मिथुन :*** आपका दिन पहले की अपेक्षा काफी अच्छा रहने वाला है। इस राशि वालों के लिए दिन उनके अनुकूल रहेंगे। आप जो भी चाहेगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरी पेशा वाले लोगों के लिए दिन ऑफर भी आ सकता है।

***कर्क :*** आज आपका दिन बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते हैं। जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा। आप नये वस्त्रों पर धन व्यय कर सकते हैं।

***सिंह :*** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आपके रूके हुए कामों में आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। आपके दुश्मन आपसे दूरियां बनाये रहेंगे। आपको किसी अपनों से खुशखबरी मिल सकती है। छात्र वर्ग किसी से बहस न करें।

***कन्या :*** आज का दिन आपके लिए बेहद खुशनुमा रहेगा। आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले की अपेक्षा सुधार आएगा।

***तुला :*** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। लोगों के सामने आपकी इमेज अच्छी बनी रहेगी। आप किसी ऐसे काम में रिस्क नहीं लेंगे जिसका नेगेटिव असर आपकी इमेज पर पड़ता हो।

***वृश्चिक :*** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। बिजनेस से संबंधित किसी बड़े फैसले के लिए दिन अच्छा है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में बदलाव कर सकते हैं। इस राशि के जो लोग बेरोजगार बैठे है उन्हें किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है।

***धनु :*** दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो शुभ महूर्त जरूर देख लें, इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा।

***मकर :*** आज अधिकारी आपके कामकाज से खुश हो सकते हैं। लोगों पर आपका अच्छा प्रभाव जमेगा। अपने स्वभाव को पूरी तरह लचीला रखें। परिवार से मधुर सम्बन्ध बनाए रखें। मन की बातों को अपने किसी करीबी से शेयर करें।

***कुंभ :*** आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

***मीन :*** आपका दिन सामान्य रहेगा। आप परिवार के सदस्यों से मधुर व्यवहार बनाएँ रखें। ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नत किया जा सकता है। फिजूल खर्च से बचें। आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति कर सकते हैं।

# मणिरत्नम की अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं शाहरुख



बॉलीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म पठान को लेकर काफी चर्चा में बने हुए है। इसको लेकर शाहरुख खान ने अभी हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म पठान को लेकर एक पोस्ट भी शेयर की थी। जिसको लेकर काफी सोशल मीडिया पर काफी बातें हुई थी। अब शाहरुख खान को लेकर 'पोन्नियन सेलवन के डायरेक्टर मणिरत्नम ने कुछ ऐसा बोला दिया है, जिसके बाद एक बार फिर पठान एक्टर शाहरुख खान को लेकर बी-टाउन में चर्चा शुरू हो गई है। तो चलिए जानते है उन्होंने क्या बोला है।

डायरेक्टर मणिरत्नम अपनी फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में बने रहते है। वो इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'पोन्नियन सेलवन को लेकर काफी चर्चा में बने हुए है। मणिरत्नम से एक इंटरव्यू के दौरान शाहरुख खान को लेकर सवाल किया गया। उनसे पूछा गया क्या आप और शाहरुख खान के साथ फिर काम करने वाले है। मणिरत्नम ने इसका बेहद शानदार जवाब दिया। उन्होंने कहा, मेरी शाहरुख से इवेंट में मुलाकात होती है। अभी मेरे पास स्क्रिप्ट नहीं है, जिसको लेकर मैं उन से मिल संकू। इसके आगे उन्होंने कहा, जब मुझे उनके हिसाब से स्क्रिप्ट का आइडिया मिलेगा, तब शाहरुख के पास जाऊंगा। इस खबर के सामने आने के बाद फैंस के बार फिर मणिरत्नम और शाहरुख खान को साथ देखने के इंतजार कर रहे है।


# एक्शन हीरोइन परिणीति चोपड़ा ने साझा की गन ट्रेनिंग की झलक



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा, जो अनगिनत चोटों के बाद अपनी एक्शन फिल्म नंबर 2 के लिए तैयार हैं, ने फिल्म कोड नेम तिरंगा के लिए अपने बंदूक प्रशिक्षण से एक झलक साझा की है। परिणीति, जो फिल्म में एजेंट दुर्गा की भूमिका निभाती नजर आएंगी, ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह बंदूक पकड़े हुए चलने का अभ्यास करती नजर आ रही हैं।

परिणीति ने तस्वीरों को कैप्शन दिया, जब आप बंदूक प्रशिक्षण ले रहे हों, लेकिन एक्शन निर्देशक पर अपने कौशल का उपयोग करना चाहते हैं, क्योंकि वह आपको आराम नहीं करने देते हैं! अनगिनत चोटों के बाद में, एजेंट दुर्गा (उर्फ स्ट्रॉन्ग मी) एक्शन फिल्म नंबर 2 के लिए तैयार है।

# मटर की बची हुई सब्जी से बनाएं टेस्टी और हेल्दी नाश्ता 'मटर चीला'



रात के डिनर में मटर की सब्जी बच गई है तो सुबह नाश्ते में इसकी मदद से आप जायकेदार और हेल्दी चीला तैयार कर सकते हैं। तो आइए फटाफट से जान लेते हैं इसकी रेसिपी।

**सामग्री :**

बची हुई मटर की सब्जी

1 बारीक कटा प्याज, 1 बारीक कटा टमाटर, 1 कप बेसन, 2 टेबलस्पून चावल का आटा, 1/4 टीस्पून गरम मसाला, 1/4 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 3 टेबलस्पून दही, जरूरत अनुसार पानी, चुटकीभर अजवाइन, नमक स्वादानुसार, सजाने के लिए धनिया

**विधि :**

- मटर की सब्जी को मैश कर लें। अब एक बड़े बोल में इसे डालें।
- इसी बोल में अन्य सामग्री वाली सारी चीज़ें एक के बाद एक डालकर मिलाते जाएं।
- अब पैन केक जैसा बैटर तैयार कर लें।
- नॉनस्टिक तवे पर हल्का घी फैलाएं। इस पर एक-एक कर चीले को डालकर सेंकती जाएं।
- तैयार मटर के चीले को चटनी या टमैटो केचअप के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 218

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 217 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू-दोकू- 218

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.217 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |